कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

सत्यमेव जयते

Kalraj Mishra
Governor, Rajasthan



# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि आगामी 6 दिसम्बर को गृह रक्षा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था संधारण के लिए गृह रक्षा से जुड़े कार्मिक अहर्निश सेवाएं देते है। 'निष्काम सेवा' और 'सर्व धर्म हितेः रतः' के लिए आपका यह संगठन सेवा और समर्पण के इन्ही उद्देश्यों से भविष्य में भी देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा, ऐसा विश्वास है।

गृह रक्षा स्थापना दिवस पर संगठन के अधिकारियों, कार्मिकों एवं स्वयंसेवको एवं उनके परिवारजनों को बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।

कलराज मिश्र
(कलराज मिश्र)

राज भवन, सिविल लाइन्स, जयपुर–302006
Raj Bhawan, Civil Lines, Jaipur-302006
दूरभाष : 0141–2228716–19, 2228611–12, 2228722

सत्यमेव जयते

मुख्य मंत्री
राजस्थान

मुम./सन्देश/ओएसडीएफ/2022
जयपुर, 30 नवम्बर, 2022

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि गृह रक्षा संगठन राजस्थान का 60वां स्थापना दिवस समारोह 6 दिसम्बर, 2022 को मनाया जा रहा है।

गृह रक्षा संगठन राज्य में प्रशासन एवं पुलिस के साथ आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं यातायात नियत्रंण बनाए रखने और राज्य में आयोजित होने वाले पर्व, मेला, त्यौहार में व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने एवं आपदाओं के समय प्रभावितों की सहायता और राहत कार्यों में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

संगठन के स्थापना दिवस का ध्येय वाक्य "निष्काम सेवा" की मूल अवधारणा और "सर्व धर्म हिते रतः" अपने आप में महत्वपूर्ण हैं।

आशा है अपने स्थापना दिवस समारोह में संगठन के सभी अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवक इन्हीं संकल्पों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करते रहेंगे।

मैं गृह रक्षा संगठन के 60वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों, संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई देते हुए स्थापना दिवस समारोह की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(अशोक गहलोत)

**राजेन्द्र सिंह गुढ़ा**
राज्य मंत्री
सैनिक कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार),
गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार)
ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग
राजस्थान सरकार

आजादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

कार्यालय: 6210, मंत्रालय भवन,
शासन सचिवालय, जयपुर-302005 (राज.)
फोन : 0141-2227672 (कार्यालय)
मोबाईल नं. : +91-9660777999
e-mail: rajendragudha999@gmail.com
निवास : डी-270, रानीसिटी, सीकर रोड, जयपुर (राज.)

**-:: संदेश ::-**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक **06 दिसम्बर, 2022** को गृह रक्षा संगठन का 60वां स्थापना दिवस मना रहे है। परंपरागत रूप से गृह रक्षा स्वयं सेवक संकट के समय में राष्ट्र को मूल्यवान निस्वार्थ सेवा प्रदान करते है।

**"निष्काम सेवा"** के ध्येय वाक्य पर आधारित इस संगठन की बढ़ती हुई उपयोगिता व लोकप्रियता के कारण आज यह राज्य का सबसे बड़ा सरकारी स्वयं सेवी संगठन है, जिसके वर्तमान में 30,714 स्वयं सेवक अधिकृत हैं।

गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर आन्तरिक सुरक्षा तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में अपना विशेष योगदान हमेशा दिया है तथा विशेष कर कोरोना महामारी के समय पूरा देश जब आपदा से पीडित था और संक्रमण के कारण सम्पूर्ण आमजन डरे हुए थे ततसमय कोविड महामारी की रोकथाम हेतु पुलिस के साथ नियोजन के दौरान गृह रक्षा स्वयं सेवक की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता और कर्त्तव्य के रूप में सकारात्मक योगदान प्रशंसनीय रहा है। मुझे विश्वास है कि ये स्वयं सेवक भविष्य में भी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

विभाग के स्वयं सेवकों को राज्य सरकार द्वारा इस देश के अन्य राज्यों की मांगअनुसार हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि में लोकसभा/विधानसभा चुनावों में नियोजित किये जाने के फलस्वरूप इन सभी राज्यों से इनके अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यनिष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है।

गृह रक्षा संगठन के वार्षिक दिवस के अवसर पर उनके आदर्श वाक्य **"निष्काम सेवा"** के साथ समुदाय और राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक योगदान की अपेक्षा करता हूँ।

मैं गृह रक्षा संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारियों, कार्मिकों व स्वयं सेवकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य के प्रयासों हेतु सफलता की कामना करता हूँ।

"शुभकामानाओं सहित"

**(राजेन्द्र सिंह गुढा)**

अमृत कलश
भा.पु.से.
अतिरिक्त महानिदेशक,
गृह रक्षा, राजस्थान–302002

दूरभाष :0141–2613755 (कार्या.)
0141– (नि0)
0141–2603407 (फैक्स)

निष्काम सेवा

AMRIT KALASH,
IPS
Addl. Director General
Home Guards, Rajasthan,
Jaipur-302002
Tel : 0141-2613755 (Office)
0141- (Res.)
0141-2603407 (Fax)

DO.No. 91
Date : 01-12-2022



## संदेश

गृह रक्षा के 60 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर राज्य के इस विशाल स्वयं सेवी संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूँ तथा वधाई प्रेषित करता हूँ।

गृह रक्षा संगठन की स्थापना 6 दिसम्बर 1962 में की गई थी। "निष्काम सेवा" के ध्येय वाक्य पर आधारित इस संगठन की बढ़ती हुई उपयोगिता व लोकप्रियता के कारण आज यह राज्य का सबसे बड़ा सरकारी स्वयं सेवी संगठन है, जिसके वर्तमान में 30,714 स्वयं सेवक अधीकृत हैं।

गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर आन्तरिक सुरक्षा तथा कानून एवं व्यवस्था वनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में सुरक्षा ड्यूटी देते हुए अपनी योग्यता का परिचय दिया है, साथ ही दूसरी ओर इन स्वयं सेवकों ने राज्य में एवं राज्य से बाहर अन्य राज्यों यथा हरियाणा, दिल्ली, तेलंगाना, उतराखण्ड, मध्यप्रदेश, गुजरात में लोकसभा/विधानसभा चुनावों में पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूर्ण लगन एवं उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी देते हुए शान्तिपूर्वक ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान किया है।

विभाग के स्वयं सेवकों द्वारा कोरोना महामारी (कोविड–19) के दौरान लॉकडाउन का समुचित पालन व कानून एवं व्यवस्था वनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

स्वयं सेवकों ने मानवीय पहलू का सार्थक उदाहरण देते हुए लॉक–डाउन के दौरान अपने–अपने शहरों में जगह–जगह पर गरीबों व जरूरतमंदो को खाने के पैकेट भी वितरित किये। कोरोना महामारी में कि गई ड्यूटी के दौरान काफी स्वयं सेवक व कार्मिक उक्त महामारी से संक्रमित भी हुये। मैं विभाग के सभी सदस्यों के द्वारा कठिन परिस्थितियों में पूर्ण लगन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से की गई ड्यूटी की मैं भूरि–भूरि प्रशंसा करता हूँ।

राज्य सरकार ने अनेक विभागों जैसे की **खनिज विभाग, राजस्थान उच्च न्यायालय, आकाशवाणी, सुपर थर्मल पावर प्लांट, केयर्न एनर्जी** आदि की सुरक्षा का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व विभाग को देकर स्वयं सेवकों की कार्य कुशलता पर अपना विश्वास जताया है, जिससे समाज में विभाग की छवि एवं महत्ता वढी है।

वर्तमान समय की सुरक्षा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मैं इस अवसर पर संगठन के सभी अधिकारीगण, कर्मचारियों तथा विशेष रूप से स्वयं सेवकों का आह्वान करता हूँ कि वे अपने कार्यक्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत् रूप से विशेष निगरानी रखें। इससे आन्तरिक सुरक्षा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द तथा राष्ट्रीय एकता वनाये रखने में योगदान मिलता है। मैं यह भी आह्वान करता हूँ की प्राकृतिक आपदाओं व आक्समिक दुर्घटनाओं के समय गृह रक्षा के स्वयं सेवक आगे आकर आम नागरिकों की सहायता में जुटे, साथ ही सरकार के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान व पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दें। इसी ध्येय से हम संगठन की मूल अवधारणा **"निष्काम सेवा"** को साकार कर पायेंगे।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि कठिन परिश्रम एवं अनुशासन में रह कर कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी के साथ अन्य महत्वपूर्ण डयूटियों में संगठन की दक्षता एवं उपयोगिता वढाने के लिए विभाग सतत रूप से प्रयासरत रहेगा।

गृह रक्षा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं पुनः आप सभी को **हार्दिक शुभकामनाएं** एवं वहुत–वहुत वधाई देता हूँ।

**"जय हिन्द"**

(अमृत कलश, I.P.S)